newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

शुभ दीपावली

संपादक : सीमा गुप्ता

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ४२ | ६ से १२ नवंबर २०२३ | पृष्ठ - ८ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024



## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## प्रकाश का पर्व दिपावली

दीवाली भारत के सबसे बडे.और प्रतिभाशाली त्योहार में से एक है। यह त्योहार आध्यात्मिक रूप से अंधकार पर प्रकाश की विजय को दर्शाता है। इस त्योहार को दीपोत्सव के नाम से भी जाना जा सकता है, क्योकि इस दिन लोग अपने घरो में दीप जलाते है। इस त्योहार को हिन्दू धर्म के लोगो के अलावा इसे सिख, बौद्ध तथा जैन धर्म के लोग भी मनाते हैं। हिन्दू धर्म के मान्यता के अनुसार अयोध्या के राजा श्री रामचंद्र अपने चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात लौटे थे। अयोध्या लौटने पर उनके स्वागत में लोगो में अपने घरो में घी के दीये जलाये थे और तब से ये प्रथा आज तक चली आ रही है। ग्रिगेरियन कैलन्डर के अनुसार यह त्योहार अक्टूबर या नवंबर महीने में पडता है। यह त्योहार असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। यह स्वच्छता व प्रकाश का पर्व है। कई सप्ताह पूर्व ही दीपावली की तैयारियाँ आरंभ हो जाती है। लोग अपने घरों, दुकानों आदि की सफाई का कार्य करते हैं। घरों में मरम्मत, रंग.रोगन, सफेद़ी आदि का कार्य होने लगता हैं। लोग दुकानों को भी साफ.सुथरा कर सजाते हैं। बाजारों में गलियों को भी सुनहरी झंडियों से सजाया जाता है। दीपावली से पहले ही घर.मोहल्ले, बाजार सब साफ.सुथरे व सजे.धजे नजऱ आते हैं। आज के ही दिन लोग भगवान राम उनके भाई लक्ष्मण तथा पत्नी माता सीता के साथ.साथ धन की देवी माता लक्ष्मी था भगवान गणेश की पूजा करते है, तथा ये मंगल कामना करते है की आने वाला समय खुशियो तथा समृद्धि से भरा हो। समय के साथ.साथ इसे मनाने के तरीके में भी बदलाव आया है, पहले लोग घी के दीप जलाते, एक दूसरे को उपहार देते तथा ईश्वर से मंगल कामना करते। आज लोग इन सभी के साथ कुछ और चीजे जोड़ दी जैसे घी के दीपो के साथ.साथ मोमबत्ती जलना, बिजली के रंग बिरंगे बल्ब से रौशनी फैलाना, पटके जलना इत्यादि। कुल मिला कर अगर बोला जाए तो आज भी लोग इसे उसी हर्ष और उल्लाश साथ मानते है .




# साइबर सेल को राज्य सरकार ने पुलिस स्टेशन का दर्जा दे दिया है

**जेकेएस संवाददाता**

भाईदर: राज्य सरकार ने मीरा-भाईंदर और वसई-विरार के लोगों को दिवाली का तोहफा दिया है। एमबीएमसी पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत कार्यरत साइबर सेल को राज्य सरकार ने पुलिस स्टेशन का दर्जा दे दिया है। पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय ने इस बारे में राज्य सरकार को २४ फरवरी को पत्र लिखकर साइबर सेल को साइबर पुलिस स्टेशन का दर्जा देने की मांग की थी। साइबर पुलिस स्टेशन के इंचार्ज सीनियर पीआई सुजीत गूंजकर हैं और उनकी टीम में १-१ एपीआई और पीएसआई सहित १० लोग शामिल हैं। फिलहाल, साइबर पुलिस स्टेशन का कार्यालय मीरा रोड डीसीपी जोन-१ की इमारत में है। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त श्रीकांत पाठक, डीसीपी अविनाश अंबुरे





(क्राइम), जयंत बजवले ( जोन-१) और अन्य अधिकारी मौजूद थे। साइबर पुलिस स्टेशन का फायदा साइबर पुलिस स्टेशन भी अन्य पुलिस स्टेशनों की तरह साइबर से संबंधित मामले दर्ज कर सकता है। आयुक्त पांडेय ने वताया कि आगामी ७ दिन में साइबर पुलिस स्टेशन से संबंधित एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर तैयार किया जाएगा। साइबर पुलिस स्टेशनों में आधुनिक तकनीक से दक्ष अधिकारियों की मदद से मामलों को सुलझाने में आसानी होती है। पांडेय ने बताया कि अव महाराष्ट्र में साइबर पुलिस स्टेशनों की संख्या ४३ से बढक़र ४४ हो गई है। साइबर रील्स कॉम्पिटिशन भी होगा: साइबर पुलिस स्टेशन की औपचारिक घोषणा पर आयुक्त ने साइबर जनजागृति के उद्देश्य से साइबर रील्स कॉम्पिटिशन' का उद्घाटन किया। इस कॉम्पिटिशन में साइवर जनजागृति से संबंधित एक रील बनानी है। विजेताओं को २१, १५ और १० हजार का इनाम दिया जाएगा।

# नरेंद्र मेहता ने सड़क पर खेला क्रिकेट

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर:** मीरा-भायंदर बीजेपी जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा और पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता के नेतृत्व में शुक्रवार को मनपा मुख्यालय पर शहर के मैदानों को बचाने के लिए जनांदोलन किया गया. शहर के मैदानों में विकास के नाम किए जा रहे अतिक्रमण के विरोध में मेहता ने मनपा मुख्यालय के बाहर सडक़ पर क्रिकेट खेलकर विरोध प्रदर्शन किया. इसके बाद मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर से मुलाकात कर आरक्षित मैदानों की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया और शहर के मैदानों को बचाने के लिए निवेदन दिया. पूर्व विधायक ने आयुक्त से की मुलाकात: पूर्व विधायक मेहता ने बताया कि शहर में कुल ११ मैदान हैं, जिसमें से मात्र ३ मैदान ही पूर्ण रूप से खाली है. बाकी के ८ मैदानों पर पहले से ही अतिक्रमण, एसटीपी प्लांट, पानी की टंकी, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कुछ सीआरजेड, मैंगराज से बाधित हैं, जिससे वे सभी मैदान खेलने के लिए छोटे हो गए हैं. बचे हुए इन ३ मैदानों पर भी इमारत बनाकर उसे छोटा करने की कोशिश की जा रही है, जिसका बीजेपी विरोध कर रही है. मेहता ने आरक्षण क्रमांक २२६ ( सेवन स्क्वायर अकादमी के पास) के खेल के मैदान पर प्रस्तावित स्व. लता मंगेशकर संगीत अकादमी को अन्यत्र स्थानांतरित करने, आरक्षण क्रमांक ३०० के खेल के मैदान पर बनाए जा रहे फुटबॉल



टर्फ को भी दूसरे जगह स्थानांतरित करने की मांग आयुक्त काटकर से की है. अन्यथा शहर के सडक़ों पर फुटबॉल और क्रिकेट खेलकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है. शिवसेना (शिंदे) विधायक प्रताप सरनाईक ने शहर के कई आरक्षित भूखंडों पर कई समाजों के लिए समाज भवन, स्विमिंग पुल, स्व. लता मंगेशकर संगीत अकादमी आदि विकसित करने के लिए राज्य सरकार से निधि की मांग की है. इसमें कई कार्यों के लिए प्रथम चरण में निधि भी मनपा को प्राप्त हो चुकी है. पूर्व बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता के विरोध और जनांदोलन को मेहता / सरनाईक के मैदान / भवन की नई राजनीतिक जंग छिडऩे के रूप में देखी जा रही है. मेहता के आंदोलन के बाद सरनाईक ने भी मेहता से संबंधित ७ / ११ कंपनी से जुडे.११ प्रश्नों की सूची मनपा आयुक्त को भेज कर उसके जवाब मांगे हैं, जिसमें प्रमुखता से आरक्षण क्रमांक २४६, २४३, २३३, २१४ से संबंधित सवाल सरनाईक ने उठाए हैं. आयुक्त काटकर ने उचित निर्णय लेने का आश्वासन बीजेपी के शिष्टमंडल को दिया. इस अवसर पर जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा, पूर्व महापौर डिंपल मेहता, प्रशांत दलवी, भगवती शर्मा, अरविंद शेट्टी, मनोज दूबे, अशोक तिवारी, शैलेश पांडे, बृजेश तिवारी सहित कई पूर्व नगरसेवक, नगरसेविका उपस्थित थे.

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना फिट इंडिया' का है. इसके लिए वे देश में स्पोर्ट्स को बढावा दे रहे हैं, जबकि मीरा-भायंदर शहर में खेल के लिए आरक्षित मैदानों पर अतिक्रमण कर उसे छोटा किया जा रहा है. शहर की आबादी करीब १५ लाख तक पहुंच गई २१४ है. मुंबई से सटे और विकासशील शहर होने के कारण यहां की आबादी तेजी से बढ.रही है. शहर के बच्चे, युवा, खिलाडी खेलने के लिए कहां जायेंगे ? हमें किसी इमारत का विरोध नहीं है, शहर के मैदानों को बचाना हमारा मकसद है.

# मौलवी ने किए लाश के टुकड़े, गहनों के चक्कर में गवां दी जान

मुंबई : पिछले सप्ताह वडाला में रेलवे ट्रैक के किनारे मिली एक अधेड़ महिला की लाश के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आरोपी की नजर पीड़ित महिला के गहनों पर थी। घटना वाले दिन आरोपी ने महिला को चाय के बहाने अपने घर बुलाया। घर आने के बाद आरोपी ने महिला के सिर पर लोहे की रॉड मारकर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद शव के टुकड़े को एक सुनसान जगह ले जाकर जलाने का भी प्रयास किया, ताकि कोई पहचान न कर सके। अब वडाला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी संजय लाटकर ने बताया कि पिछले सप्ताह गुरुवार को बॉम्बे पोर्ट ट्रस्ट के ट्रैक पेट्रोलिंग स्टाफ ने वडाला इलाके में पेट्रोलिंग के दौरान शव देखा। इसके बाद इसकी जानकारी वडाला पुलिस स्टेशन में दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो वडाला इलाके में एक ट्रक के पीछे एक अज्ञात महिला का आंशिक रूप से जला हुआ शव मिला। महिला के शरीर



को तीन टुकड़ों में काटा गया था, पुलिस ने एक पैर और सिर व धड़ बरामद कर लिया पर महिला का दूसरा पैर गायब था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए केईएम अस्पताल भेज अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हत्या के बाद पुलिस ने महिला के शव के टुकड़ों के फोटो लेकर आस-पास के इलाकों मे तलाश करनी शुरू कर दी। इस बीच वडाला स्थित दोस्ती बिल्डिंग की एक महिला ने पुलिस को बताया कि उनके घर पर काम करनेवाली सुग्राबी हुसैन मुल्ला (७०) कई दिनों से नहीं आ रही है। पुलिस इसी आधार पर सुग्राबी हुसैन की तलाश मे जुट गई। जांच मे उनका एक बेटा संगम नगर और दूसरा बेटा नई मुंबई के उलवे मे होने की जानकारी मिली। पुलिस ने उन्हे फोटो दिखाकर महिला की पहचान की। इस बीच पुलिस को जानकारी मिली कि बुधवार से सुग्राबी हुसैन घर नहीं आई है। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि वडाला के शहीद भगत सिंह नगर में रहने वाले एक मौलवी के यहां सुग्राबी हुसैन अकसर आया जाया करती थी। इसके बाद पुलिस ने मौलवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो मौलवी ने पुलिस को गुमराह किया। उसके बाद जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसने बताया कि सुग्राबी हुसैन अकसर महंगे जेवरात पहनकर उसके घर आती थी।

# हेमेंद्र बोसमियां ने किया भाजपा में प्रवेश, जनसंपर्क कार्यालय का हुआ शुभारंभ









**जेकेएस संवाददाता**

**मीरारोड :** मिरा भायंदर में स्थित रश्मि प्राईम कॉर्नर, व्ही पावर जिम के सामने, कनकिया बेवर्ली पार्क, मिरा रोड में बडे.जौर शोर



से भारतीय जनता पार्टी के जनसंपर्क कार्यालय का हुआ शुभारंभ. जहां कई नए चेहरो ने किया बीजीपे में प्रवेश किया. जिनके नाम है, हेमेंद्र बोसमिया, प्रविण एल छेडा, श्रीमती प्रियंका पी वाघ. इस अवसर पर कई मुख्य अतिथी रहे मौजुद, जनके नाम हैं- मीरा भाईंदर की विधायक गीता जैन, व कई गणमान्य उपस्थित थे. सभी राजनेताओं लोगों ने अपने भाषन दिए और समाज को एक नई राह दिखाने का एक विश्वास जगाया, उन सभी के बातों में जो एक चीज हर बार दोहराई गई थी वह है बीजेपी की विचारधारा को आगे ले जाने के लिए, वह मौजुद सभी लोगों का कहना था की वह समाज की सेवा करना चाहते है, और बीजेपी की योजनाओं को घर-घर तक ले जाना चाहते है. इसी बीच सत्कार स्मारोह में कई नेताओं ने शॉल व पुष्पगुछ देकर स्वागात किया गया. और इस कार्यक्रम का स्थानिय लोगों ने लाभ लिया.

# ठेकेदार की तानाशाही से कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर :** मीरा भायंदर मनपा क्षेत्र अंतर्गत श्मशान भूमि में कार्य करने वाले कर्मचारियों को ठेकेदार ने पिछले तीन माह से वेतन नहीं दिया है। दूसरी तरफ वेतन की मांग करने वाले कुछ कर्मचारियों को काम पर से भी हटा दिया गया है। जिससे कर्मचारियों की कमी का भार भी कार्यरत कर्मचारियों के कंधो पर आ गया है। कुछ ही दिनों बाद दीपावली का त्योहार सिर पर है। ऐसे में वेतन नहीं मिलने से कर्मचारीयों को काफी परेशानी का सामना करना पड.रहा है, और उन्हें अपने पारिवारिक खर्च को वहन करने की समस्या भी खडी हो गई है। बता दें की मीरा भायंदर मनपा क्षेत्र अंतर्गत कुल १६ श्मशान भूमि हैं। जिनमें ठेका पद्धति से ४४ कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। कर्मचारियों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि ठेकेदार उन्हें निर्धारित वेतन से कम वेतन अदा करता है। पिछले तीन माह से वेतन नहीं दे रहा है। वेतन मांगने पर कुछ कर्मचारियों को नोकरी से निकाल दिया गया है। कर्मचारियों की संख्या कम हो जाने के कारण श्मशान में कार्यरत कर्मचारियों ने दूसरे सहयोगी कर्मचारियों को रखा है। उनका वेतन भी उन्हें अपने वेतन में से ही अदा करना पडता है। मनपा द्वारा शहर की साफ सफाई का ठेका कोणार्क इंफ्रास्ट्रक्चर व ग्लोबल वेस्ट मैनेजमेंट इन दो ठेका कंपनियों को विभाजित कर दिया गया है। पहले इन ठेकेदारों के पास ठेका पद्धति पर काम करने वाले कर्मचारीयो को स्मशान भूमि में शव दहन करने व साफ सफाई आदि आवश्यक कामों के लिए नियुक्त किया गया था। ठेकेदार बदले जाने के कारण मनपा ने पहले से कार्यरत कर्मचारियों को कम कर उन्हें अन्य स्थान पर साफ सफाई के लिए नियुक्त कर दिया है। इसके बाद स्मशान भूमि में कार्य करने के लिए जुलाई माह में नए ठेकेदार मे.शाइन मेंटेनेंस प्राइवेट लिमिटेड की नियुक्ति की गई और ४४ कर्मचारीयों को स्मशान भूमि में कार्य के लिए नियुक्त किया गया। ठेकेदार ने इन कर्मचारियों में से कुछ कर्मचारियों को काम पर से हटा दिया। जिससे उपलब्ध कर्मचारियों में ही एक अथवा दो कर्मचारियों पर स्मशान भूमि के कार्यों की जिम्मेदारी उठानी पड.रही है। ठेकेदार नियमों का उल्लंघन करते हुए कर्मचारियों को कम वेतन देकर अधिक कार्य करा रहा है ।ठेकेदार कर्मचारियों को कम वेतन देकर उनके साथ ठगी कर रहा है ।इसी प्रकार ठेकेदार कर्मचारियों को अन्य कोई सुविधा नहीं दे रहा इसलिए ठेकेदार पर कार्रवाई कर उसका ठेका रद्द करने की मांग मैने मनपा आयुक्त संजय श्रीपत राव काटकर से की है। ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर हम आंदोलन करेंगे .

# मराठा आरक्षण को लेकर विपक्ष और पक्ष का मिला समर्थन

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। मराठा आरक्षण आंदोलन की आग मीरा भायंदर में भी पहुंच चुकी है। आंदोलन को समर्थन देते हुए शहर में रहने वाला मराठा समाज ने बुधवार से क्रमिक उपोषण शुरू किया है।जिसको पक्ष - विपक्ष सहित सामाजिक संगठनों से भरपूर समर्थन मिल रहा है।शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक,भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता तथा कांग्रेस के नेता मुजफ्फर हुसैन उपोषण स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन जताए।खास बात यह है कि अनशन पर बैठे मराठा समाज के लोगों में एक भी कुनबी मराठा नहीं है।क्रमिक अनशन के कर्ताधर्ता संतोष गोले ने बताया कि हम मूल रूप से किसान और कुनबी मराठा ही है।सरकार ने वंशावली ने हमारी मूल जाति दर्ज नही की।सरकार के निर्णय से हम संतुष्ठ नहीं हैं।जब तक समाधानकारक निर्णय सरकार नहीं लेती ,तब तक क्रमिक उपोषण जारी रहेगा। उपोषण में बुधवार को पहले दिन अरुण कदम,मनोज राणे,सुभाष काशिद,जय लक्ष्मी सावंत,सचिन फोफले आदि शामिल रहे।




# प्रर्यावरण प्रेमियों को मिली दिवाली की सौगात

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा भायंदर महानगर पालिका क्षेत्र में महाराष्ट्र सरकार के मूलभूत सुविधा निधि अंतर्गत भायंदर पूर्व के प्रभाग क्रमांक १२ में आरक्षण क्रमांक २३० के मियावाकी वन उद्यान भूखंड पर ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल व जिम्नेशियम बनाने का निर्णय मनपा प्रशासन द्वारा लिया गया था। इसके लिए सार्वजनिक बांधकाम विभाग के पत्र के अनुसार स्विमिंग पूल निर्माण में बाधित ३२६७ वृक्षों को जड. सहित उखाड. कर उसे अन्यत्र पुनर्रोपित करने की पब्लिक नोटिस सूचना २३ अक्टूबर को समाचार पत्रों में प्रकाशित कर शहर के नागरिकों से सुझाव व आपत्ति मंगाई गई थी। इस प्रकरण में शहर के विभिन्न पर्यावरण प्रेमियों, नागरिको, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने मनपा में लिखित व मौखिक तीव्र आक्षेप दर्ज कराया। उनके इस आपत्तियों पर संज्ञान लेते हुए विकास कार्य तथा पर्यावरण में योग्य संतुलन बनाए रखने के लिए आखिर मनपा ने आरक्षण क्रमांक २३० पर बनाए जाने वाले स्विमिंग पूल और जिम्नेशियम का स्थान बदलकर उसे अन्यत्र बनाने का निर्णय लिया है। ऐसी जानकारी मनपा के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राज घरत ने दी है। बता दें कि मनपा के आरक्षण क्रमांक २३० की भूखंड पर डेढ.वर्ष पूर्व जापान के मियावाकी पद्धति से करीब १०००० अलग-अलग प्रजाति के वृक्ष लगाए गए थे ।इस पद्धति से लगाए गए वृक्षों ने डेढ.वर्ष के अंदर ही हरे भरे जंगल की तरह आकार ले लिया था। इन वृक्षों पर हजारों पक्षियों ने अपना घोंसला भी बना लिया था। मनपा ने इस जंगल के ३ मीटर से अधिक ऊंचे ६०७ तथा ३ मीटर से कम ऊंचाई के २६६० ऐसे कुल ३२६७ हरे-भरे वृक्षों को जड. सहित उखाड. कर अन्यत्र पुनर्रोपीत करने का निश्चय किया था। मनपा के इस निर्णय का पूर्व उपमहापौर हसमुख गहलोत, भाजपा के १४५ विधानसभा चुनाव प्रमुख एड. रवि व्यास, आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता जतिन दाधीच आदि कई पर्यावरण प्रेमियों ने कडा विरोध दर्शाया था। नागरिकों का विरोध देखते हुए मनपा प्रशासन ने इस प्रकरण में अब धयू -टर्नध ले लिया है।

# टेंबा अस्पताल में आंखों का ऑपरेशन की सुविधा

भायंदर, टेंबा अस्पताल में अब आंखों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध हो गई है. विधायक गीता जैन के हाथों ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन किया गया. साथ ही परोपकार भायंदर क्षेत्रीय समिति द्वारा पूरे ओपीडी परिसर में मरीजों को बैठने के लिए स्टील का बेंच भी प्रदान किया गया. इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनलाल भूतडा, समिति के क्षेत्रीय संयोजक तथा अस्पताल के नियामक मंडल के सदस्य ओमप्रकाश अग्रवाल और उनके कई सहयोगी अस्पताल के मुख्य सर्जन डॉ. जाफर तडवी आदि उपस्थित थे.डिजिटल युग में मोबाइल और कंप्यूटर के लगातार इस्तेमाल से आंखों के मरीजों और खास कर मोतियाबिंद की शिकायतों में वृद्धि हुई है. पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल में अब इसके ऑपरेशन की मुफ्त सुविधा शहर के जरूरतमंद मरीजों के लिए उपलब्ध हो गई है. आगे भी इस अस्पताल के माध्यम से अन्य सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयत्नशील रहूंगी.- गीता भरत जैन, स्थानीय विधायक



# महिला-पुरुष पुलिसकर्मियों ने किया अपनी कला का प्रदर्शन

नई मुंबई : नई मुंबई के वाशी में पुलिस विभाग की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तमाम महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर लोग काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने पुलिसकर्मियों के इस प्रदर्शन की जमकर सराहना की। इस दौरान कई मौके ऐसे भी आए कि कलाकार के साथ दर्शक दीर्घा में बैठे लोग भी नाचते नजर आए। लोगों ने जमकर पुलिसकर्मियों के साथ संगीत और अन्य कलाओं का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में दिग्गज मराठी अभिनेता स्वप्निल जोशी ने शामिल होकर लोगों का और अधिक जोश भरने का काम किया। इस अवसर पर नई मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंभे ने कहा कि पुलिसकर्मियों पर काफी तनाव होता है, जिसे कम करने के लिए हमने इस कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें १०० से अधिक पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के लोगों ने हिस्सा लिया। अपने काम में व्यस्त रहने के कारण इन पुलिसकर्मियों में छिपी कला बाहर नहीं आ पाती है। इस तरह के कार्यक्रम न केवल काम के तनाव को कम करते हैं, बल्कि उनकी प्रतिभा में भी निखार लाने का काम करते हैं। यह हमारे लिए काफी खुशी की बात है कि हमारे पास इस तरह के अनमोल नगीने मौजूद हैं, जो न केवल अपना कर्तव्य बडी ही जिम्मेदारी से निभा रहे हैं, बल्कि अपना पैशन भी दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब हम इन पुलिसकर्मियों के लिए व्यक्तित्व विकास और अन्य कौशल युक्त कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे, ताकि इनकी प्रतिभाओं को और अधिक निखारा जा सके।



# रामभवन शर्मा की मेहनत रंग लाई, माशाचा पाडा में बिजली आई


भायंदर । काशीमीरा में माशाचा पाडा के १६३० घरों के १२ दिन पहले दिवाली मन गई है।१० साल के लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को इलाके में बिजली पहुंची।हालांकि पहले दिन २५ घर बिजली के बल्ब से रोशन हुए। बाकी घरों में क्रमवार तरीके से बिजली की आपूर्ति शुरू की जाएगी। खुशियों की बिजली लाने में स्थानीय शिवसेना नेता रामभवन शर्मा ने अहम भूमिका निभाई है।शर्मा ने बताया कि काशीमीरा में हाईवे के नजदीक माशाचा पाडा के ७ एकड. व ४ एकड.इलाका बिजली से महरूम था।यहां २०१३ से लोग बसना शुरू किए थे।लेकिन बुनियादी सुविधाओं के नाम पर जीरो बटा सन्नटा था।लोग बैटरी से काम चलाते आ रहे थे। लेकिन वह ४ घंटा ही चलती थी।रात में सिर्फ खाना बनाने और खाने तक ही घर में उजाला रह पाता था। इसके बाद पूरा इलाका घुप अंधेरे में डूब जाता था। शर्मा कहते हैं कि कुछ स्थानीय लोगों के विरोध और विवाद के कारण बिजली कंपनी कनेक्शन देने को तैयार नहीं थी। उन्होंने इसके लिए प्रयास शुरू किया और इस प्रयास में क्षेत्रीय विधायक प्रताप सरनाईक का भरपूर समर्थन मिला।नतीजा यह हुआ कि मंगलवार को २५ घरों में खुशी की बिजली पहुंच गई। शर्मा ने बताया कि पूरे इलाके में केबल का जाल बिछ चुका है।हर दिन २० से २५ घरों में कनेक्शन देने का काम किया जाएगाऔर दिवाली से पहले पूरा इलाका दूधिया रोशनी से नहा उठेगा।

# दिवाली पर मुंह मीठा करना हुआ महंगा

मुंबई : दिवाली पर्व में सिर्फ कुछ दिन शेष हैं। त्योहार को लेकर बाजार भी गुलजार होने लगे हैं। हालांकि, इस बार त्योहार मनाने के लिए लोगों को जेब ज्यादा ढीली करनी होगी, क्योंकि दूध व चीनी के दाम बढ़ने से मिठाई की कीमतों में भी इजाफा हो गया है। पिछले साल ४०० से ५०० रुपए प्रति किलो बिकने वाली मिठाइयों के दाम ६०० रुपए के करीब हो गए हैं। दीपावली पर परिचितों व रिश्तेदारों का मुंह मीठा कराते हुए शुभकामनाएं देने की परंपरा काफी पुरानी है, लेकिन बढ़ती महंगाई से दीपावली पर इस बार मुंह मीठा कराना लोगों के लिए जरा मुश्किल होगा। मुंह मीठा ही नहीं, नमकीन कराने को भी जेब ज्यादा ढीली करनी होगी। दरअसल, बाजार में साधारण मिठाइयों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। मिठाइयों के दामों में करीब १५० से २५० रुपए प्रति किलो तक का इजाफा हुआ है। मिठाई के दाम इसलिए बढ़ गए हैं, क्योंकि देसी घी, दूध और चीनी के दामों में वृद्धि हुई है।






















# खेल के मैदान को लेकर सरनाईक व मेहता आमने सामने




**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक भाईंदर पूर्व में सेवन इलेवन स्कूल के पीछे के प्लेग्राउंड में भारतरत्न लता मंगेशकर के नाम पर संगीत महाविद्यालय बनवाना चाहते हैं। इस संबंध में विगत २७ सितंबर को भूमिपूजन भी हो चुका है। वे संगीत महाविद्यालय के लिए राज्य सरकार से २५ करोड की निधि भी मंजूर करवा चुके हैं, लेकिन अब पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता इसे लेकर आक्रामक हो चुके है। उनका कहना है कि कई वर्षों से शहर के उभरते खिलाडी इस मैदान में प्रैक्टिस करते आए हैं। मीरा-भाईंदर में मात्र ११ खेल के मैदान आरक्षित हैं, जिनमें से ८ पर अतिक्रमण है। इस संबंध में पिछले शुक्रवार को मेहता के नेतृत्व में भाजपा ने मनपा मुख्यालय का घेराव किया। वहीं, सरनाईक ने मेहता पर निशाना साधते हुए मनपा आयुक्त संजय काटकर को पत्र लिखकर उनसे संबंधित प्रॉजेक्ट की जानकारी मांगी है। आंदोलन के दौरान मनपा मुख्यालय का गेट बंद कर दिया. शुक्रवार को हुए आंदोलन में मनपा आयुक्त संजय काटकर ने मनपा मुख्यालय में मीडिया के प्रवेश पर रोक लगा दी। मोबाइल बंद होने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका और आंदोलन के तुरंत बाद वे मनपा मुख्यालय से चले गए। लेकिन आखिर में मीडिया को प्रवेश मिल गया। तव आंदोलनकारी सडक़ जामकर वैठ गए। इससे स्टेशन रोड पर जाम लग गया था। इस दौरान पुलिस मुकदर्शक बनी रही।


# मनपा ने दिया फर्मान पटाखे विक्रेताओं को अनुमति

भायंदर : मीरा -भायंदर महानगरपालिका ने दीपावली उत्सव शांति पूर्वक तथा कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए मनाने का निश्चय किया है। नागरिकों की सुरक्षा की दृष्ठि से व मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश तथा भारतीय विस्फोटक नियम १८८४ के अनुसार अस्थाई पटाखे विक्री की अनुमति सिर्फ सार्वजनिक ,निजी खुले मैदानों तथा निवासी क्षेत्र से अलग स्वतंत्र वाणिज्यिक दुकानों में ही देने का निर्णय लिया है। इसके लिए मनपा ने मीरा -भायंदर क्षेत्र में कुल १३ मैदानों का चयन किया है। जिसमें प्रभाग- १ और २ में २० से २५ स्टॉल प्रति मैदान की क्षमता के ३ - ३ मैदान, प्रभाग -३,४,५ में मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने मनपा की तरफ से शहरवासियों से उच्च न्यायालय, एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय द्वारा दिए गए निर्देशों तथा मनपा द्वारा निर्धारित किए गए नियमों का पालन करते हुए दीपावली उत्सव मनाने और स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया है।



























# शहर में डेंगू, मलेरिया का प्रकोप

भायंदर. बरसात के बाद मौसम में आए बदलाव और बढ़ते प्रदूषण का असर आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड.रहा है. इसके कारण मौसमी और मच्छरजनित बीमारियां बढ.गई हैं. मीरा–भायंदर मनपा क्षेत्र के अंतर्गत मलेरिया और डेंगू के मामले बढे.हैं. वर्ष २०२२ में जनवरी से दिसंबर माह के बीच मीरा रोड में स्थित मनपा के भारतरत्न इंदिरा गांधी अस्पताल और भायंदर पश्चिम में राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित भीमसेन जोशी (टेंबा) अस्पताल में कुल १७७ डेंगू के संदिग्ध और मलेरिया के कुल ६० मामले सामने आए थे, जबकि इस वर्ष २०२३ जनवरी से अक्टूबर माह के बीच इन दोनों अस्पतालों में क्रमश: ९८ और १९० ऐसे कुल २८८ डेंगू के संदिग्ध और मलेरिया के ९० मामले सामने आ चुके हैं. वहीं इसमें निजी अस्पतालों में उपचार कराने वाले मरीजों की संख्या के आंकडे.नहीं दिए गए हैं. मनपा का सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग यह दावा करता है कि मनपा के ११ नागरिक स्वास्थ्य केंद्र और इंदिरा गांधी



अस्पताल में कुल ३४ बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी तथा उनके अधीनस्थ कुल १२० औषध छिडक़ाव करने वाले कामगार कार्यरत हैं. इन कामगारों के मार्फत नियमित सुबह के सत्र में ३२ टेंपो के माध्यम से जेट स्प्रे व स्प्रे पंप द्वारा कीट– मच्छर नाशक दवाओं का छिडक़ाव किया जाता है. दोपहर के सत्र में टेमेफॉस ग्रेन्युअलस, पीडीएमएस ऑयल, एमएलओ ऑयल आदि दवाओं का छिडक़ाव मच्छर उत्पत्ति के स्थानों पर मच्छर निर्मूलन के लिए किया जाता है. इसके अलावा मनपा के खाडी क्षेत्रों, गहरे बडे.नाले तथा सार्वजनिक निर्माण स्थलों पर महीने में २ रविवार को दवा छिडक़ाव की मुहिम चलाई जाती है.




































# रिश्ते को किया तारतार, भतीजे ने की चाची की हत्या

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: भायंदर पूर्व के क्वींस पार्क स्थित क्वींस एवेन्यू में मंगलवार दोपहर सगे भतीजे द्वारा चाची की हत्या को अंजाम दिया गया। आरोपी को पुलिस ने एक घंटे में ही हिरासत में ले लिया। लेकिन हत्या के २४ घंटे बीत जाने के बाद भी हत्या के कारण सामने नहीं आए। है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मंगलवार हत्या के बाद नवघर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका शबाना अशरफ (३१) अपने दो बच्चो तथा अपने पति के साथ क्वींस एवेन्यू में रहती है। उसका पति किसी फेक्ट्री में इंटीरियर डिजाइन का काम करता है। मंगलवार दोपहर शबाना के देवर का लडक़ा दिशान (२०) क्वींस एवेन्यू पहुंचा तथा किसी बात को लेकर शबाना के पेट तथा गले में चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। शबाना के दो छोटे छोटे लडक़े है जिसमे से एक लडक़ा स्कूल गया हुआ था तथा दूसरा वारदात के समय घर पर ही था लेकिन इस विभत्स हत्याकांड के। समय बाथरूम में छुप जाने से उसकी जान बच गई मगर अपनी मां को खो दिया। घटना के बाद आरोपी भागने की फिराक में था मगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला की हत्या कर दी गई है। नवघर पुलिस ने जैसे ही घटनास्थल पर प्रवेश किया, कमरा नं. २०२ में एक महिला खून से लथपथ मिली।साथ ही महिला का ११ साल का बेटा भी घर में मिला। सहायक पुलिस आयुक्त उमेश माने पाटिल ने बताया कि नवघर पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।



# कोरोना काल के सभागृह खोले -रवि व्यास

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। कोरोना के संक्रमण काल से आम नागरिकों के लिए करोडों रुपए खर्च करके बडे-बडे सभागृह और नाट्यगृहों के निर्माण किए गए हैं। यहां स्वर्गीय प्रमोद महाजन हॉल, श्री अप्पासाहेब धर्माधिकारी हॉल, स्वर्गीय मीनाताई बालासाहेब ठाकरे हॉल के अलावा अनेक सभागृह बनाए गए हैं। कोरोना संक्रमण काल के पहले यहां के लोगों और सामाजिक संस्थाओं को ये सभागृह तथा हॉल सस्ते दर पर शादी विवाह, सांस्कृतिक तथा अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए मिलते थे। कोरोना संक्रमण काल में बंद किए गए सभागृह और हॉल आज तक जनता के लिए नहीं खोले गए। ऐसे में आम जनता और सामाजिक संस्थाएं ,महंगे निजी सभागृह और हॉल में अपने कार्यक्रम करने के लिए मजबूर है।जनता की लगातार बढ. रही परेशानियों को देखते हुए बीजेपी के १४५ ,मीरा भायंदर विधानसभा चुनाव प्रमुख एडवोकेट रवि व्यास ने महापालिका आयुक्त को पत्र लिखकर तत्काल बंद पडे. सभागृहों और हॉल को आम जनता के लिए खोलने और उन्हें सस्ते दर पर उपलब्ध कराने की मांग की है।



# घल दिलाने के नाम पर ठगी

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। नवघर पुलिस थाने में दर्ज ठगी के एक मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी में टालमटोल का आरोप पुलिस पर लग रहा है।५ महीना बीत जाने के बावजूद अभी तक पुलिस के हाथ आरोपी नहीं लगे हैं।जबकि उनकी अग्रिम जमानत याचिका निचली अदालत में खारिज हो चुकी है। भायंदर पूर्व के खारीगांव में सब्जी बेचकर परिवार का भरण पोषण करने वाली दुर्गावती रमेश कनौजिया ने सस्ते में घर /दुकान दिलाने के नाम तीन लोगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कराया था।मामले में साधना पांडे,सतनाम कौर उर्फ रानी,सुरजीत सिंह को आरोपी बनाया गया है।आरोप है कि पीडि़ता को बैंक द्वारा जब्त किए गए फ्लैट सस्ते में दिलाने के नाम पर नकद और ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिए ५.४५ लाख रुपए आरोपियों ने ऐंठ लिए । पीडि़ता दुर्गावती कनौजिया ने अपने बयान में कहा है कि सतनाम कौर से उसकी पहचान दो साल पहले सब्जी की दुकान पर हुई थी। उसने उसकी पहचान साधना पांडे से कराई।इस दौरान बताया कि साधना पांडे बैंक द्वारा जप्त किए गए फ्लैट गरीब और जरूरतमंदों को दिलाने का काम करती है।आरोप है कि आरोपियों ने पीडि़ता को अलग-अलग फ्लैट और दुकान दिखाएं। एक फ्लैट और एक दुकान का सौदा तय हुआ।उसका एमओयू और गिफ्ट डीड बनाए।वादा दिए की कोर्ट ऑर्डर,पुलिस एनओसी आदि होने पर घर/ दुकान का कब्जा मिल जायेगा।लेकिन ऐसा हुआ नही और न ही पैसा लौटाए। एपीआई संदीप पालवे ने कहा कि कोर्ट ने आरोपियों को पिछले दिनों तीन दिन तक थाने में हाजिरी लगाने को कहा था।अगली सुनवाई ३० नवंबर को होगी। ऐसे में गिरफ्तार कैसे किया जा सकता है।





































Rooms
Seasons Café
Kansar Kathiyawadi Thali Rest.
Relations Restaurant
Venue (Outdoor)
Venue (indoor)
Kansar Unlimited Thali
Waves Bar and Lounge
Express Inn
Express Inn
A Division Of Shelar Properties Pvt. Ltd.
Add. Near Versave Bridge
Ghodbundar Road Varsave
Mira Bhayandar
Maharashtra - 401104
Contact No
9821860060, 7710060070


सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश शिंदे
शिवसेना शाखाप्रमुख


सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मोजेस चिनप्पा
शिवसेना शाखाप्रमुख


शुभ दिपावली
विक्रम प्रताप सिंह
मा.नगरसेवक शिवसेना


happy diwali
सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
गणेश शेट्टी
मा. नगरसेवक, बीजेपी


सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मीना कांगणे
मा.नगरसेविका, बीजेपी
यशवंत कांगणे
बीजेपी


Happy Diwali
सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
कस्तुरी अस्पताल
राजीव अग्रवाल


सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश दुबे, बीजेपी


सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
एस. पी. मौर्या


भारतीय जनता पार्टी
मदन उदित सिंह
मा.नगरसेवक, बीजेपी


सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिदानंद शेट्टी
साऊथ इंडियन सेल, बीजेपी


सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
happy diwali
TCC Shreedham
Naigaun


happy diwali
सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि व्यास, १४५ विधानसभा क्षेत्र, बीजेपी


HAPPY Diwali
सभी शहरवासियों को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Karni Charan
Trustee
(Mira Bhayandar
/karni charan
/karni charan

# मनपा करेगी नियमित नालों की साफसफाई

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर, मीरा-भायंदर मनपा क्षेत्र के सभी छोटे- बडे.नालों-गटरों की अब नियमित साफ- सफाई की जायेगी. पहले इन नालों को सिर्फ बरसात के मौसम से पूर्व ही सफाई की जाती थी. शहर के नागरिकों द्वारा इसे नियमित सफाई किए जाने की मांग की जा रही थी. इस पर संज्ञान लेते हुए मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने नालों की नियमित सफाई और स्वच्छता के लिए समय-सारिणी (टाइम टेबल) जारी की है. बता दें कि मीरा भायंदर शहर में छोटे-बडे. करीब १५५ नाले हैं. मनपा के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग द्वार प्रतिवर्ष इन नालों की सफाई पर करोडों रुपए खर्च की जाती है. इसके बाद वर्ष भर इन नालों की सफाई नहीं की जाती थी. बरसात बाद इन नालों में बडे.पैमाने पर गाज और कचरा जमा हो जाते हैं, जिससे बरसात से पहले इन नालों की सफाई के बावजूद पहली ही बारिश में नालों का गंदा पानी बाहर निकल कर रहिवासी इलाकों में फैलने की संभावना बनी रहती थी. इसे टालने के लिए मनपा आयुक्त काटकर ने शहर



के सभी नालों की नियमित सफाई का निर्णय लिया है. नालों की नियमित स्वच्छता और सफाई के लिए आयुक्त ने प्रत्येक प्रभाग की समय सारिणी तैयार कर उस पर नियंत्रण रखने के लिए स्वच्छता निरीक्षक की नियुक्ति और जिम्मेदारी निश्चित की है. किस प्रभाग के किस नाले या गटर की किस दिन स्वच्छ करना है, उसकी तारीख आयुक्त ने तय की है. आयुक्त के इस नई संकल्पना से शहर के गटर और नालों की अब नियमित साफ सफाई और स्वच्छता की जाएगी. स्वच्छता निरीक्षकों को प्रतिदिन के सफाई का लेखा जोखा भी आयुक्त को सादर करना अनिवार्य किया गया है.

# मराठा आरक्षण को लेकर सांसद राजन विचारे ने की मांग



भायंदर. महाराष्ट्र में मराठा समाज के लिए आरक्षण के मुद्दे पर हंगामा मचा हुआ है. महाराष्ट्र में मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्तर पर मराठा समाज को आरक्षण देने का मुद्दा एक बार फिर सामने आया है, शिवसेना नेता और ठाणे मराठा, धनगर, आदिवासी और अन्य जातियों के आरक्षण को लेकर सांसद राजन विचारे ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर विशेष सत्र बुलाने के संदर्भ में पत्र भेजा है. इस पत्र में सांसद विचारे ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के इस महाराष्ट्र में ऐतिहासिक काल से मराठा समाज का महान योगदान है. छत्रपति शिवाजी महाराज स्वयं मराठा थे, उन्होंने पूरे समाज की अठारह पगड.जातियों और १२ बलुतेदारों को एकजुट किया और हिंदू स्वराज्य, महाराष्ट्र का निर्माण किया.

# आयुक्तालय की लापरवाही के चलते अवैध ऑर्केस्ट्रा की भरमार

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर**: मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत १६ ऑर्केस्ट्रा बार बिना परमिशन के चलाए जा रहे हैं, जिसमें से १३ ऑर्केस्ट्रा बार काशीमीरा पुलिस थाने अंतर्गत आते हैं. इसका खुलासा सूचना अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी से हुआ है, जिसमें पुलिस आयुक्तालय ने खुद बताया है कि १६ ऑर्केस्ट्रा बार बिना परमिशन के चलाए जा रहे हैं और किसी पर कारवाई नहीं की गई है. इससे पुलिस की कार्य पद्धति पर तो सवाल उठ ही रहे हैं, साथ ही राज्य सरकार के राजस्व को भी क्षति पहुंचने का मामला



प्रकाश में आया है. कार्रवाई न करने पर उठ रहे सवाल आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णा गुप्ता ने एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत चलाए जा रहे सभी ऑर्केस्ट्रा बारों की संख्या और उनके परमिशन तथा कारवाई के संदर्भ में जानकारी मांगी थी. पुलिस आयुक्तालय के मुख्यालय सहायक आयुक्त विजय कुमार मराठे द्वारा दी गई. जानकारी के अनुसार एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत कुल ४५ ऑर्केस्ट्रा बार हैं, जिनमें से २७ ऑर्केस्ट्रा बारों के लाइसेंस का रिन्यूअल (नवीनीकरण) नहीं हुआ है. इन २७ बारों में से ११ बार फिलहाल बंद बताए गए हैं, जबकि १६ ऑर्केस्ट्रा बार बिना लाइसेंस रिन्यूअल बिना किए ही चलाए जा रहे हैं, जिससे लाखों रुपए के राजस्व को भी चूना लग रहा है. इसके बावजूद पुलिस द्वारा इन ऑर्केस्ट्रा बारों पर कार्रवाई नहीं की गई है. ऑर्केस्ट्रा बीयर बारों के लाइसेंस प्रति वर्ष रिन्यूअल (नवीनीकरण) कराने का प्रावधान है. वर्ष २०२२ दिसंबर के बाद अक्टूबर २०२३ शुरू है. १० माह से १६ ऑर्केस्ट्रा बार एक तरह से बिना लाइसेंस चलाए जा रहे हैं, क्योंकि इन चारों के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हुआ है. लेकिन पुलिस द्वारा उन बारों पर कार्रवाई नहीं की गई है. मुंबई- अहमदाबाद महामार्ग से सटे काशीमीरा पुलिस थाने अंतर्गत के कई ऑर्केस्ट्रा बीयर बारों में अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत के बाद मीरा-भायंदर मनपा प्रशासन ने तोडू कारवाई की थी. हालांकि तत्कालीन मनपा आयुक्त दिलीप ढोले के कार्यकाल में विवादित रहे प्रभाग अधिकारी सचिन बच्छाव पर तोडू कारवाई किए गए बारों को नियमबाह्य तरीके से रिपेयरिंग परमिशन (मरम्मत अनुमति) देकर पुन: निर्माण कराने के आरोप लगाए जा रहे हैं. शहर के कई नागरिकों ने उन बीयर बारों पर तोड़क कारवाई करने की मांग मनपा आयुक्त संजय काटकर से की है.







# वेलनेस सेंटर में कम वेतन के चलते डॉक्टारों का अभाव

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर. राज्य सरकार द्वारा मीरा-भायंदर मनपा को प्रथम चरण में ११ वेलनेस सेंटर शुरू करने की मान्यता दी गई थी. इसके बाद महाराष्ट्र दिवस पर १ मई को इंद्रलोक परिसर में १ वेलनेस सेंटर (नागरी आरोग्यवर्धिनी केंद्र) मनपा द्वारा शुरू भी किया गया था. मनपा प्रशासन ने ७ और आरोग्यवर्धिनी केंद्र (वेलनेस सेंटर) शुरू करने की तैयारी की थी. इसके लिए स्थान भी तय कर दिए गए हैं. राज्य सरकार ने ११ वेलनेस सेंटर



के लिए एमबीबीएस डॉक्टर और अन्य स्टाफ भी उपलब्ध कराया था, लेकिन कम वेतन के कारण सरकार द्वारा दिए गए ११ में से १० डॉक्टरों ने मनपा की सेवा से राजीनामा दे दिया है. हाल ही में राज्य सरकार ने दूसरे चरण में २४ वेलनेस सेंटर और शुरू करने की मान्यता मनपा को दी है, जिससे अब ३५ एमबीबीएस डॉक्टर्स की आवश्यकता है. नए सिरे से डॉक्टर्स की भर्ती के लिए एमबीबीएस डॉक्टर्स को वेतन बढाकर देने का निर्णय मनपा प्रशासन ने लिया है. घनी आबादी वाले तथा आदिवासी और झोपडप़ट्टी परिसर के लोग स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे तथा विभिन्न रोगों के प्रसार पर निगरानी और नियंत्रण रखी जा सके. इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके, इसलिए सुलभ, सस्ती विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए १५ से २० हजार की जनसंख्या पर एक शहरी वेलनेस सेंटर स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया था. वेलनेस सेंटर दोपहर २ बजे से रात ८ बजे तक खुले रहते हैं, जिससे मरीजों को काफी राहत मिलती है. प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक एमबीबीएस डॉक्टर को ६० हजार रुपये मासिक वेतन तय किया गया है. डॉक्टर उपलब्ध न होने के कारण राज्य सरकार ने मनपा को अपने स्तर पर डॉक्टर भर्ती की प्रक्रिया लागू करने को कहा है. वेलनेस सेंटर में कार्यरत एमबीबीएस डॉक्टर्स के लिए राज्य सरकार से प्राप्त होने वाली ६० हजार रुपए मासिक वेतन के अलावा २० हजार रुपए मनपा अलग से वेतन का भुगतान करेगी. इस तरह वेलनेस सेंटर के प्रत्येक एमबीबीएस डॉक्टर को ८० हजार रुपए मासिक वेतन मिलेंगे.




# केशव सृष्टी गोशाला गाय के गोबर से बेचेंगे दिए

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: इस बार की दिवाली गायों के गोबर से बने दीयों से जगमगाएगी। इसके लिए गौसेवा परिषद केशव सृष्ठि गोशाला पिछले वर्ष की तुलना में में ५० हजार दीये तैयार करा रही है। केशव सृष्ठि गौशाला के कार्यवाह डॉक्टर सुशील अग्रवाल ने बताया कि दीयों को आकर्षक बनाने के लिए। उन्हें विभिन्न इकोफ्रेंडली रंगों से रंगा जा रहा है। तथा दीपावली पर घर आंगन तथा पूजा स्थानों की जगमगाहट के लिए न्यूनतम दर यानी ५० रुपए में एक पैकेट दिए जिसमे प्रति पैकेट १० दीपक उपलब्ध रहेंगे, गौ



प्रेमियों के लिए तैयार किए जा रहे है! आगामी वर्षों में यह संख्या कई गुणा अधिक रहेगी। गाय का गोबर मोबाइल के रेडिएशन से भी लोगों को बचा सकता है। ताजा गोबर सात दिन तक रेडिएशन से सुरक्षा कर सकता है. केशवसृष्ठि गौशाला विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाकर शहर के लोगों को दीये उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गायों के गोबर से दीये बनाने का मकसद दीपावली को इकोफ्रेंडली बनाना है। गाय के गोबर से बने दीयों की लौ से निकला धुआं कीटाणुओं और मच्छरों दूर भगा देगा । लक्ष्मी पूजन में भी गोबर से निर्मित दीयों के उपयोग का काफी महत्व माना गया है। अग्रवाल ने लोगों से आह्वान किया कि वे वातावरण को पवित्र करने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए गाय के गोबर से निर्मित दीयों का उपयोग करें और इकोफ्रेंडली दीपावली मनाएं। जिससे गौशाला का आत्मबल बढेग़ा।



















































स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, उप संपादक मोहम्मद अहमद निसार अहमद, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9004895944 Email :newsjankalyanseva@gmail.com wwwjankalyanseva.com; Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI